## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल से पंखे व बैटरी चोरी

**गन्नौर।** शेखपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से चोर कंप्यूटर लैब को ताला तोड़कर हजारो रुपये का सामान चोरी कर ले गए। स्कूल प्राचार्य ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी। शिकायत में प्राचार्य ने बताया कि 16 मई को उन्हें स्कूल के चौकीदार ने कंप्यूटर लैब में चोरी होने की सूचना दी। उन्होंने स्कूल आकर लैब की जांच की तो लैब से 15 बैटरी व पंखे गायब मिले। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर केस दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

### आइसक्रीम पार्लर से 70 हजार लेकर भागा मैनेजर

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित सुखदेव ढाबे के आइसक्रीम पार्लर का मैनेजर 70 हजार रुपये लेकर भाग गया। पार्लर मालिक ने आरोपित को ढूंढ निकाला और पुलिस को सौंप दिया। गन्नौर के किशनपुरा निवासी वेदांत ने पुलिस को बताया कि वह जीटी रोड स्थित सुखदेव ढाबे पर आइसक्रीम पार्लर चलाते है। उनके पास उत्तर प्रदेश के कानपुर के यशोदा नगर निवासी रोहन बतौर मैनेजर है। वह 25 अप्रैल को पार्लर के 70 हजार रुपये लेकर गायब हो गया। उसको फोन करके इस बारे में पूछा तो वह मना करता रहा। वेदांत ने बताया कि उन्हें पता चला कि रोहन उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित कैफे में है। वह वहां पहुंचे तो रोहन को साथ लेकर आए और पुलिस को सौंप दिया। मुरथल थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गेटवे स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर का भाव रखने के लिए प्रेरित किया

### नन्हें- नौनिहालों ने पेरेंट्स के प्रति भावनात्मक परफार्मेंस से सबको प्रभावित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के गेटवे स्कूल के एक सभागार में स्कूल की प्री-प्राइमरी व प्राइमरी विंग के नन्हें- नौनिहालों ने पेरेंट्स सम्मान समारोह में अपने पेरेंट्स के प्रति भावनात्मक परफार्मेंस से सबको प्रभावित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके पेरेंट्स से जोड़ना, उनमें अपने पेरेंट्स के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना, बच्चों को अपने माता-पिता सहित समस्त गुरुजनों के प्रति आदर का भाव रखने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल प्रशासन ने बच्चों के अभिभावकों विशेष रूप से बड़े बुजुर्ग और माता-पिता को आमंत्रित किया। इसी क्रम में आयोजन में पधारे मुख्यातिथि समस्त सम्मानित पेरेंट्स और गेटवे स्कूल के निदेशक राहूल मंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिभावक और गुरुजनों के साये की आज नितांत आवश्यकता और पेरेंट्स-गुरुजनों के वजूद में ही नव पीढ़ी का वजूद थीम आधारित पेरेंट्स के स्वागत-सत्कार की भावविभोर कर देने वाली वेला में मुख्यातिथि सम्मानित पेरेंट्स, गेटवे स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा और उप-प्रधानाचार्या रिम्पी वर्मा के सानिध्य में माँ सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्वलन तथा मातृ-पितृ वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### जीवीएम में ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**सोनीपत।** केंद्रीय पैट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के संयोजन में जीवीएम गर्ल्ज कालेज में शनिवार को ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन करते हुए नई शिक्षा नीति के साथ समर ट्रेनिंग प्रोग्राम पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते समर ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किये जाने का स्वागत किया। ओरियंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व आमंत्रित वक्ताओं ने दीप प्रज्वलित करते किया। संयोजक प्राध्यापिका सुनीता धवन ने अतिथियों का स्वागत करते उनका परिचय करवाया। साथ में उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों के रूप में सिपेट की ओर से एसएम खाजा तथा तबरेज अहमद ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के रूप में कालेज की फैकल्टी ने हिस्सा लिया, जिन्हें संबोधित करते हुए एसएम खाजा ने अत्याधुनिक सूचना सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से टेस्टिंग, प्रोसेसिंग, टूल रूक्वस लैब इत्यादि की जानकारी देते हुए बताया कि यह सारी सुविधाएं सिपेट में उपलद्भध हैं।

# प्रशासन की लापरवाही ले रही मजदूरों की जानः संगठन

- श्रम विभाग कंपनी मालिकों की चाकरी में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली स्थित श्री गणेश कम्पनी में बॉयलर फटने से काफी बड़ी घटना हुई हैं, जिस से आस पास के मकान भी गिर गए हैं। लगभग 25 मजदूर और छोटे बच्चे घायल है। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है जो कि बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, आस पास रहने वालों मजदूरों से पता चल रहा है कि इस कंपनी में 35 से 40 मजदूर काम कर रहे थे और कम्पनी से बस 4 या 5 मजदूर की बाहर आए हैं और वो भी घायल थे उनको आस पास के लोगों ने रात को हॉस्पीटल में एडमिट करवा दिया था। अभी तक प्रशासन की तरफ से जो मजदूर कम्पनी के अन्दर काम कर रहे थे उनके बारे में कोई जानकारी नही जुटा पाई हैं जबकि घटना हुए, लगभग 35 से 40 घण्टे हों गए हैं। आस पास के रहने वाले मजदूरों के द्वारा बताया जा रहा है कि अभी इस कंपनी में और भी मजदूर दबे हुए है। पुलिस और कंपनी मालिक के गठजोड़ की वजह से सच बाहर ही नहीं आने दिया जा रहा है। ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और श्रम विभाग कंपनी मालिकों की चाकरी में व्यस्त है। बायलर फटने की वजह से होने वाला यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पहले पालघर, कानपुर, हापुड़, सिकन्द्राबाद, गुड़गांव, रेवाड़ी, मेरठ आदि शहरों में भी ऐसे हादसे हो चुके हैं जिसमें हजारों मजदूर घायल हुए हैं और सैकड़ों जान गंवा चुके हैं। बॉयलर एक्ट 2022 में संशोधन किया गया जिसमें कंपनियों को खुली छूट दे दी कि वो खुद ही बॉयलर को जांच करें।

### मृतकों के आश्रितों और घायलों को दिया जाए मुआवजा

इससे आप खुद ही समझ सकते हैं कि मुनाफा ज्यादा से ज्यादा कमाने के लिए कोई भी कंपनी अपनी मशीनों को गलत नहीं बताएगी। मजदूर अधिकार संगठन इस घटना की कड़ी निंदा करता है और मजदूरों और तमाम न्याय पसंद जनता से अपील करते हैं कि इस तरह की अपने, हक और सम्मान, शोषण, उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ एकजुट हो कर संघर्ष करें। मजदूर अधिकार संगठन मांग करता है की इस घटना की जांच हों, और जिन मजदूरों की कम्पनी में मौत हुई हैं और जो मजदूर और बच्चे घायल हुए हैं उनको मुआवजा दिया जाए, और ऐसी कम्पनियों को रिहायशी इलाकों से बाहर लगाया जाए ।

### महिला ने युवक पर लगाया दुष्कर्म आरोप, केस दर्ज

**खरखौदा।** क्षेत्र के गांव में घर में महिला के साथ युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला का कहना है कि पति बाहर घूमने के लिए गया था। इस बीच गांव का युवक घर पर आ गया और उसे अकेली देखकर जबरदस्ती कमरे में ले गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसने उसके साथ दुष्कर्म किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# एक्सपायर सामान को रिलेबलिंग कर बेचने वाला दबोचा

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, पैकेट पर तारीख बदलने के लिए लगा रखी थी प्रिंटिंग मशीन

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एक्सपायर हो चुके खाद्य पदार्थो और कॉस्मेटिक सामान को रिलेबलिंग कर बेचने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। मामले में एक शख्स को अरेस्ट किया गया है। इसने सराय रोहिल्ला इलाके में इस काम के लिए बाकायदा प्रिंटिंग मशीनें लगायी हुई थी। इसमें बड़ी और नामी कंपनियों के सामान के मैन्युफैक्चरिंग डेट के लेबल प्रिंट करके एक्सपायर हो चुके सामान पर लगा कर उन्हें दिल्ली एनसीआर में दोबारा मार्केट में बेचा जाता था। डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार आरोपी का नाम अश्वनी कोहली (58) है। वह अंबाला, हरियाणा का रहने वाला है। इसने सराय रोहिल्ला इलाके में प्रिंटिंग यूनिट के साथ साथ गोदाम भी बनाया हुआ था। इसने नगलीपूना, स्वरूप नगर, सुभद्रा कॉलोनी, शास्त्री नगर में भी गोदाम बनाए हुए थे। जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां पर भी रेड की और बड़ी मात्रा में हॉर्लिक्स, बोर्नवीटा, कॉम्प्लान, ग्लूकोन-डी, डाबर हनी जैसी खाद्य सामग्री बरामद की। इन सभी की एक्सपायरी डेट निकल चुकी थी। आरोपी इन सभी उत्पादों को नई पैकिंग में भरकर बाजार में बेचने की फिराक में था। इन खाद्य पदार्थों के अलावा पुलिस ने बड़ी मात्रा में कॉस्मेटिक सामग्री भी बरामद की, जिसमें बॉडी स्प्रे, क्रीम, लिप बाम, शैंपू, तेल आदि बरामद किए है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पुणे और भिवंडी के कबाड़ियों से सारा सामान लेकर आता था। साल 2021 में उसकी मुलाकात कमल आनंद से हुई, जो एक्सपायर हो चुके खाद्य सामान को दोबारा से पैक करके बाजार में बेचता था। अश्वनी पर काफी कर्ज था, इसलिए उसने इस काम में मुनाफा देखा और वह इस धंधे में उतर आया। इसके बाद उसने सराय रोहिल्ला में एक प्रिंटिंग यूनिट लगायी, जिसमें एक्सपायर सामान की नई मैन्युफैक्चरिंग डेट वाली पैकिंग प्रिंट करने लगा।



- आरोपी इन सभी उत्पादों को नई पैकिंग में भरकर बाजार में बेचने की फिराक में था।

### ई-रिक्शा चोरी की घटना में संलिप्त दो नाबालिग सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना सिविल लाईन सोनीपत की पुलिस टीम नें ई-रिक्शा चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है, व दो अपचारी बालको को भी उसके परिजनों की मौजूदगी में अभिरक्षा में लिया है। गिरफ्तार अजय पुत्र हरिओम निवासी पटेल नगर सोनीपत का रहने वाला है। इंद्रा कॉलोनी निवासी रविंद्र ने गत 15 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने रेलवे रोड के पास अपनी ई-रिक्शा खड़ी की थी। करीब 9.30 बजे रेहड़ी से वापिस आकर देखा तो उसकी ई-रिक्शा गायब मिली। अपने स्तर पर ई-रिक्शा को तलाश करता रहा, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही मुकेश की टीम ने दो अपचारी बालकों सहित अजय को गिरफ्तार किया है।

# पुलिसकर्मी की हत्या मामले में पकड़ा गया आरोपी चार दिन के रिमांड पर

- सुलौधा में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की कर दी थी हत्या
- नुकीले हथियार लेकर घर में घुस कर किया गया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सुलौधा में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि विनोद निवासी सुलौधा की शिकायत पर बीती नौ मई को मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सन्नी निवासी सुलौधा के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आखिर क्या है मामलाः पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने बताया था कि वह पेशे से दुकानदार है। बीती 9 मई की शाम करीब पौने पांच बजे सन्नी नामक एक युवक उसकी दुकान पर आया उसने मोबाइल से उसी के गांव के अजय उर्फ छोटू से बात कराते हुए उसे उधार कोल्ड ड्रिंक देने का दबाव बनाया था। जब उसने उधार देने से मना किया तो उसने धमकी दी थी कि इसका अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद उसके पिता ने छोटू आदि से फोन पर समझाते हुए सुलह करा दी थी। विनोद के अनुसार इस बात की रंजिश रखते हुए वे युवक रात करीब साढे. दस बजे ट्रांसफार्मर से बिजली की लाइन काटकर लाठी डंडे व अन्य नुकीले हथियार लेकर उनके घर में घुस गए और उसके परिवार पर हमला बोल दिया था। इस दौरान जहां उसकी बहन कुसुम, मां राजेश व पिता राजपाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। वहीं उसके पिता को आरोपियों ने बहार गली में घसीट कर इतना पीटा की उन्होंने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम

# सीबीएसई बोर्ड में रि-चेकिंग के आवेदन शुरू

- 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए 17 से 21 तथा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए 20 से 24 मई तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी अपनी आंसर शीट की फोटो कॉपी के लिए भी बोर्ड में आवेदन करके ले सकते हैं। जिन विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं में अधिक अंक आने की उम्मीद थी और उनके अंक आशा के अनुरूप नहीं आए ऐसे विद्यार्थियों ने दोबारा मूल्यांकन समेत अपनी आंसरशीट की फोटोस्टेट कॉपी के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। इंटरनेट कैफे संचालक रविंद्र ने बताया कि अंकों को लेकर शंका रखने वाले विद्यार्थी आवेदन करके अपनी कॉपियों को देख पा रहे हैं। आंसरशीट की फोटो कॉपी लेने के लिए भी आवेदन किया जा रहा है। सीएससी संचालक सौरभ गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के डाउट दूर करने के लिए शुरू की गई मार्क्स वेरीफिकेशन की यह ऑनलाइन प्रक्रिया बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 17 से 21 मई के बीच है जबकि दसवीं कक्षा के विद्यार्थी 20 से 24 मई तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों मार्क्स वेरीफिकेशन के लिए पांच सौ रुपये प्रति विषय, आंसर शीट की कॉपी के लिए सात सौ रुपये प्रति आंसरशीट तथा उसके बाद पुर्नमूल्यांकन के लिए एक सौ रुपये ऑनलाइन फीस देनी होगी। मार्क्स वेरीफिकेशन के बाद आंसर शीट की फोटो प्रति मंगवाने के लिए एक जून से दो जून की रात बारह बजे से पहले तक आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा पुर्नमूल्यांकन के लिए छह जून से सात जून की रात बारह बजे से पहले आवेदन किया जा सकता है। इसी प्रकार दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मार्क्स वेरीफिकेशन व आंसरशीट की कॉपी लेने के संबंध में पांच-पांच सौ रुपये फीस तथा पुर्नमूल्यांकन के लिए एक सौ रुपये फीस कटवानी होगी।

### फ्लैट से ढाई लाख चोरी, तीन पर शक

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक कंपनी के फ्लैट से ढाई लाख रुपये चोरी हो गए। पीड़ित ने घर पर काम करने वाले तीन लोगों पर शक जाहिर किया है, जिनमें से एक शख्स पर पुलिस ने नामजद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में एचएनजी कॉलोनी के निवासी शिवराज ने कहा है कि कंपनी की ओर से उसे यहां फ्लैट दिया गया है। गत 28 अप्रैल को उसने अलमारी में ढाई लाख रुपये रखे थे। गत 30 अप्रैल तक रुपये अलमारी में ही थे, लेकिन जब तीन मई को देखा तो नहीं मिले। 30 अप्रैल को हमारे घर पर संतोष नाम का एक आदमी काम करने के लिए आया था। संयोगवश मेरी पत्नी को उस वक्त किसी जरूरी काम के लिए कहीं जाना पड़ गया। पत्नी ने संतोष को कहा था कि फ्लैट बंद करके चाबी मेरे पति को दे देना।

# बेसन के कोफ्ते खाने से 9 सेवादार बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के एक आश्रम में संदिग्ध परिस्थितियों में 9 सेवादारों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात को सभी ने बेसन के कोफ्ते खाए थे। उन्हीं से तबीयत खराब/फूड पॉयजनिंग की बात सामने आ रही है। मामला लाइनपार थाना क्षेत्र के अधीन लगते वेदांत आश्रम का है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को रात्रि भोजन में कद्दू कोफ्ते बनाए गए थे। आश्रम में मौजूद रसोइए, सेवादारों आदि ने कोफ्ते खाए और फिर सो गए। बताते हैं कि रात को एक लड़के ने चक्कर आने की बात कही थी, लेकिन सभी को लगा कि गर्मी की वजह से ऐसा हो रहा है। इसलिए उसकी बात नजरंदाज कर दी गई। रात को सभी सो गए और फिर उनकी तबीयत बिगड़ गई। श्रेयांस, नामदेव शास्त्री, विनोद, संजय, विकास, मोहित, धनजी, लीलाराम, सुमित आदि उल्टी और पेट दर्द से रातभर सेवादार कराहते रहे।सुबह उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। बताते हैं कि जिन कमरों में ये ठहरे थे, उसकी कुंडी भी सुबह बाहर से बंद ली। ऐसे में इनके खाने में किसी ने कुछ मिलाया या फिर गर्मी के कारण ऐसी घटना हुई, ये फिलहाल जांच का विषय है। आचार्य श्रीभगवान ने बताया कि रात को सभी ने बेसन के कोफ्ते खाए थे। सभी की तबीयत बिगड़ गई। रात को लगा कि गर्मी के कारण गर्मी के कारण तकलीफ हुई होगी, इसलिए सब सो गए। सुबह रोज जल्द उठते हैं लेकिन शनिवार को दिखे नहीं। इसके बाद कमरे में जाकर देखा तो सभी लेटे हुए थे। फिर पुलिस को सूचना दी और सभी को भर्ती कराया। नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप मलिक ने कहा कि सुबह अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक लोग भर्ती हुए। उन्हें उल्टी, पेट दर्द की की शिकायत थी। इलाज किया जा रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर है।



### सेक्टर-13 में क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट द्वारा विकसित जंगल-1 में फिर अज्ञात ने लगाई आग

# शर्मनाक : सृष्टिद्रोहियों को रास नहीं आ रही हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-13 की ग्रीन बेल्ट में विकसित जंगल-1 में शनिवार की दोपहर को आग लग गई। किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है। वजह जो भी, लेकिन इस घटना से हरियाली को काफी नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जंगल को खाक होने से बचाया। इस घटना से पर्यावरण प्रेमी आहत हैं।

दरअसल, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से इलाके में हरियाली पर जोर दे रहा है। लोगों को बेहतर हराभरा वातावरण देने के लिए ट्रस्ट के सदस्यों ने दिन-रात मेहनत करके शहर में कई मिनी जंगल और हर्बल पार्क विकसित किए हैं।

लगभग हर रविवार या छुट्टी के दिन ये लोग पौधे लगाते हैं और इनमें से कुछ लोग समय निकालकर नियमित पौधों की देखभाल करते हैं। इनके प्रयास के परिणाम हरियाली के रूप में दिखने लगे हैं। लेकिन कुछ लोगों ये प्रयास या फिर यूं कहें, हरियाली रास नहीं आ रही। कभी पेड़-पौधों को काट दिया जाता है, तो कभी आग के हवाले कर दिया जाता है।


बहादुरगढ़। सेक्टर-13 के जंगल-1 में लगाई गई आग।

### आग से काफी पेड़-पौधे नष्ट हो गए

शनिवार की दोपहर को भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहां सेक्टर-13 में स्थित जंगल-1 में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई, जिस से बेहद नुकसान हुआ और काफी पेड़-पौधे नष्ट हो गए। किसी की नजर पड़ी तो दमकल विभाग को सूचना दी गई, अन्यथा पूरा जंगल इस भीषण गर्मी में आग से राख हो सकता था। मौके पर पहुंचे ट्रस्ट के सदस्यों ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया और इसके पीछे साजिश की शंका जताई। बताते हैं कि पहले भी इस जंगल में कई बार आग लग चुकी है। सदस्यों को शक है कि कोई शरारती तत्व जानबूझ कर ऐसी हरकत कर रहा है। अपने स्तर पर पता लगाकर हम वन विभाग व पुलिस को शिकायत देंगे। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण के लिए हरियाली बहुत जरूरी है। लोगों को यह बात समझनी चाहिए।

# हरिद्वार से महरौली लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की ट्रक से कुचलकर मौत

### कश्मीरी गेट इलाके में देर रात हुआ हादसा, ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में शुक्रवार देर रात एक ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक युवक का दिल निकलकर सड़क पर पड़ा था। मृतकों की पहचान पीयूष और अंकुर के तौर पर हुई है। दोनों युवक हरिद्वार से महरौली अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर केहर सिंह (38) को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रात करीब दो बजे कश्मीरी गेट थाने को इस हादसे की सूचना मिली। पुलिस हनुमान मंदिर फ्लाईओवर रिंग रोड़ (आईटीओ की तरफ जाते हुए) पहुंची। जहां एक बाइक और ट्रक मिले। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि दो बाइक पर सवार चार युवक हरिद्वार से घर लौट रहे थे। इन्हें महरौली जाना था। जो रात होने की वजह से रास्ता भटक गए। इसी बीच पीछे से आए एक ट्रक ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक ने मौके से फरार होने की कोशिश की, लेकिन वहां से गुजर रहे एक ऑटो ड्राइवर ने कुछ दूर चालक का पीछा कर उसे रोक लिया। लोग मौके पर जमा हो गए और चालक भाग नहीं सका। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।



## छात्रों में नेतृत्व की भावना और आत्मविश्वास जगाना ही उद्देश्य

# बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी किए सम्मानित

### ओम पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेधावी सम्मान समारोह किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने अपने शिष्यों को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। प्राचार्य खासा के अनुसार 10वीं की परीक्षा में याचिका स्कूल टॉपर रही।





गोहाना। जिले में दूसरा स्थान प्राप्त खुशबू को सम्मानित करते हुए एमडी निर्मल लाठर। फोटो : हरिभूमि

दीपिका, गर्विता और वंशिका ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 12वीं की परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ खुशबू स्कूल टॉपर रही और जिला सोनीपत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह में खुशबू के अलावा परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले मेधावी हरदीप, वंशिता, रिया, ईशा सिंहमार और दीपांशु भी सम्मानित हुए। गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में कुल 69 मेधावी सम्मानित हुए।





अधिष्ठापन समारोह में चयनित छात्रों के साथ प्रधानाचार्य चन्द्रप्रकाश।

## अधिष्ठापन समारोह में चयनित छात्रों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गढ़ी झंझारा रोड स्थित जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना का विकास करना एवं आत्मविश्वास की भावना जगाना है ताकि विद्यार्थी आगे चलकर किसी भी गतिविधि का कुशलता पूर्वक नेतृत्व कर सकें। कार्यक्रम में हेड गर्ल के रूप में कक्षा 12वीं की छात्रा शिवानी व हेड बॉय के रूप में कक्षा 12वीं के छात्र विनय को चयनित किया गया। वॉइस हेड गर्ल के रूप में 11वीं कक्षा की छात्रा सोनम एवं वॉइस हेड बॉय के रूप में शौर्य बंसल को चयनित किया गया। स्कूल सेक्रेटरी के रूप में 11वीं कक्षा की छात्रा मिस संजना को चयनित किया गया। अग्नि हाउस में हाउस कैप्टन के रूप में कक्षा 11वीं से वासु एवं कशिश, अंबर हाउस में हाउस कैप्टन के रूप में कक्षा 12वीं से जुनैद और अंशुल, पृथ्वी हाउस से कक्षा 12वीं के छात्र मयंक और श्रेया ,वायु हाउस में कक्षा 12वीं से अतुल और खुशबू को हाउस कैप्टन के रूप में चुना गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली।

# महावीर स्वामी ने 24 वर्षों तक किया था कठोर तपः गुप्ता

- भगवान महावीर स्वामी को वैशाख मास की दसवीं को प्राप्त हुआ था कैवल्य ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



गोहाना। भगवान महावीर को नमन करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित महावीर चौक में भगवान महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान दिवस मनाया गया। समारोह में लोगों ने भगवान महावीर का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य वक्ता गोपाल कृष्ण गोशाला के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष जयनारायण गुप्ता ने कहा कि महावीर स्वामी ने 527 ईसा पूर्व वैशाख मास की दशमी तिथि को केवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ था। उनको यह ज्ञान 24 वर्षों की कठोर तपस्या के बाद प्राप्त हुआ था। इस ज्ञान की प्राप्ति के बाद वे सर्वज्ञ और केवल ज्ञानी बन गए। भगवान महावीर ने हमें सिखाया कि हमें कठोर परिश्रम, तपस्या और नैतिक जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। उन्होंने कहा केवल्य ज्ञान की प्राप्ति के बाद महावीर स्वामी ने अपना शेष जीवन धर्म प्रचार में लगा दिया समारोह में मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी, सतबीर पौड़ियां, राजपाल कश्यप, निहाल सिंह मलिक, रणधीर कश्यप, सतीश वर्मा, पवन कुमार, भूलन ढोचक तथा जगदीश मलिक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भगवान महावीर को नमन किया।

## वोट देकर देश को मजबूत बनाना हम महिलाओं का दायित्व : मंजू



समाजसेविका मंजू पहल व योग शिक्षिका पिंकी महिलाओं को जागरूक करते हुए।

**गन्नौर।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए आधी आबादी उत्साहित है। इस बार के चुनाव में महिलाओं का वोट काफी महत्वपूर्ण होगा। सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। रौनक पब्लिक स्कूल में बने मतदान केन्द्र के पास समाज सेविका मंजू पहल की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता अभियान में योग क्लास से जुड़ी योग शिक्षिका पिंकी त्यागी, सुनील राठी, किरण तिवारी, रेखा अधलखा, मीनाक्षी अरोड़ा, कविता,सुमन, अनीता ,सुमन,इंदू, सीमा, नीलम, शारदा आदि ने मिलकर महिलाओं से चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है।

## पूर्वजों का सम्मान ही हमारे संस्कार : महेंद्र

- शेर सिंह पब्लिक स्कूल में स्व. शेर सिंह की 125वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शेर सिंह मलिक की 125वीं जयंती मनाई गई। शेर सिंह मलिक ने लाहौर कृषि विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी और देश की आजादी से पूर्व वे कृषि निदेशक के पद पर नियुक्त रहे। उनका सारा जीवन शिक्षा को समर्पित रहा। समारोह में शेर सिंह मलिक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी गई।

समारोह के लिए मार्गदर्शन शेर सिंह मलिक के पोते और स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा।



**गोहाना।** स्व. शेर सिंह मलिक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए स्कूल के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

महेंद्र मलिक ने कहा कि हमारे पूर्वज हमारी जीवन शक्ति हैं और हमारे जीवन का आधार हैं। पूर्वजों व घर के बड़ों का सम्मान करना ही हमारी संस्कृति और संस्कार हैं। अपने पूर्वजों और घर के बड़ों का सम्मान करें और अपनी आने वाली पीढ़ियों के उज्वल भविष्य के लिए उनसे विरासत में मिले संस्कारों को सहेज कर रखें। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर सिंह रुहिल ने की। समारोह में गुरु और शिष्यों ने शेर सिंह मलिक के की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

# वन वर्ल्ड मैनी स्टोरीज थीम पर दी शानदार प्रस्तुति

- शहर के लिटल एंजल्स स्कूल में में हुआ शानदार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर के लिटल एंजल्स स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा 'वन वर्ल्ड मैनी स्टोरीज- सेलिब्रिटिंग डाइवर्सिटी..एंब्रेसिंग डिफरेंसिस...थीम पर शानदार एक्ट की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, जूनियर स्कूल कोऑर्डिनेटर भारती दत्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का



**सोनीपत।** प्रस्तुति देने वाले बच्चे व मौजूद स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया और सभी को इस शानदार एक्ट से अवगत करवाया। इस थीम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मैत्री संबंधो को बढ़ाना था। साथ ही बताया गया कि मानवीयता, आपसी सहयोग व भाईचारे के द्वारा ही व्यक्ति समाज में प्रतिष्ठित मुकाम प्राप्त कर सकते हैं। इस थीम के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न देशों जैसे जापान, इजिप्ट, फ्रांस, तुर्की आदि की संस्कृति, नृत्य, रहन-सहन और वहाँ की खूबसूरती को बहुत ही अच्छी तरह से प्रदर्शित किया। इसके साथ ही इंडोनेशिया, म्यांमार और श्रीलंका आदि देशों के नृत्यों ने उपस्थित सभी लोगों के हृदयों को जीत लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य सभी के आकर्षण का केन्द्र थे। वहीं किस प्रकार आपसी सहयोग और मित्रता के द्वारा हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते है। और साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों का उज्वल भविष्य विद्यालय व अभिभावकों के निरंतर सहयोग से ही बनाया जा सकता है।

## बूथ स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत करें कार्यकर्ता

**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी दीपक बाबरिया शुक्रवार को देर सांय सोनीपत पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने एक निजी बैंक्वेट में आयोजित सोनीपत लोकसभा की गोहाना, बरोदा, सोनीपत, खरखौदा, राई और गन्नौर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक में हिस्सा लिया।

इस दौरान दीपक बाबरिया ने कांग्रेसी कार्यकताअरं से सीधा संवाद कर चुनावी फीडबैक लिया और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। अपने संबोधन में दीपक बाबरिया ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी हरियाणा प्रदेश कि सभी दस लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है। सभी दस सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी मजबूत स्थिति में है और चुनाव जीत रहे है।

# परिक्षित मोक्ष की कथा के साथ हुआ भागवत कथा का समापन, आज होगा विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को सामपन हुआ। राधा-कृष्ण के वेश में बाल कलाकारों के साथ भक्तों ने झूम कर कथा का सामपन किया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने भक्ति गीत गाकर अमृत रस भर दिया। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण उद्धव संवाद, श्री परिक्षित मोक्ष की कथाओं का वर्णन कर लोगों को भक्ति में डुबो दिया। उन्होंने कहा कि हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, कर्म करो लेकिन, फल की इच्छा मत करो। भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते है। उनके बताए सच्चाई के रास्ते पर चलने वाला भक्त जीवन में कभी हार का मुंह नही देखता। कथा में विशेष तौर पर उपस्थित हुए समाजसेवी प्रेमचंद सोनी व कैलाश सोनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आरती की गई। रविवार को हवन के साथ भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा आदि ने संभाली।



**गन्नौर।** श्रीमद्भागवत कथा में समाज सेवी योगेश कौशिक व निशा कौशिक कथा वाचक सुधाकर महाराज से आशीर्वाद लेते हुए। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। मेधावी विद्यार्थी अपने गुरुजनों के संग । फोटो : हरिभूमि

## मेहनत जीवन में कभी विफल नहीं जाती : राजेश

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में स्कूल के सभी विद्यार्थी उतीर्ण हुए और अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत कुमार ने सम्मानित किया। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि मेहनत कभी विफल नहीं जाती। जीवन में सफल बनने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए कठोर मेहनत करने की जरूरत होती है। परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक के साथ यति प्रथम, 94.8 प्रतिशत अंक के साथ अमन द्वितीय और 91.6 प्रशित अंक के साथ जोया तृतीय स्थान पर रही। विषयानुसार परीक्षा परिणाम में जोया ने हिंदी में 94 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक, सामाजिक अध्ययन में 95 अंक और कम्पयूटर में 95 अंक लेकर शानदार प्रदर्शन किया। यति ने गणित में 97 अंक व अमन ने विज्ञान में सर्वाधिक 99 अंक प्राप्त किए।

## लड़की के मायके वालों को पीट डाला, केस दर्ज

**गोहाना।** गोहाना सदर थाने के जवाहरा गांव में दामाद द्वारा बेटी को पीटने पर जब मायके वाले समझाने के लिए आए, उनको पीट डाला गया। प्रिंस पुत्र वेदपाल मुरथल का रहने वाला है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसकी बहन नेहा की शादी दो साल पहले जवाहरा गांव के मुकेश से हुई। मुकेश नेहा से मारपीट करता है। ऐसे में जब नेहा ने मायके में पिता वेदपाल को फोन किया, मुरथल से वह, उसका पिता वेदपाल, मां सीमा, मौसी सुमन और उसका बेटा हिमांशु एक इको गाड़ी में आए। नेहा से बातचीत करने के बाद जब मुकेश के कमरे में गए, वहां नेहा का ससुर मान सिंह, सास अंग्रेजो, ननद काफी और मोनिका सहित विभिन्न लोग बैठे थे।





फोटो केप्सन 18 एसएनपी 2 : कैंप के दौरान मौजूद स्कूल स्टाफ व चिकित्सक।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल में डेंटल चेकअप कैंप

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक सफल डेंटल कैंप की मेजबानी की। विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने हमारे छात्रों के लिए दंत परीक्षण करने के लिए स्कूल परिसर का दौरा किया। डॉक्टर्स की टीम में डा. श्रुति शर्मा, डा. हरीश भारद्धाज ने बच्चों के दाँतों को चेक किया। उन्होंने उचित ब्रशिंग तकनीकों पर मूल्यवान मार्गदर्शन भी प्रदान किया, जिससे हमारे छात्र सशक्त हुए। डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों को दाँतों को साफ रखने संबंधी अनेक महत्वपूर्ण सलाह दी। डा. ने बताया कि रोजाना ब्रश करना हमारी आदत होनी चाहिए और रोजाना दाँतों की सफाई अति आवश्यक है।

### सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा काफी समय से है आंदोलनरत

# सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर काग्रेंस प्रत्याशी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से जिला प्रधान देशराज नैन की अध्यक्षता में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को कर्मचारियों की मांगों का ग्यापन दिया गया। जिला सचिव सुनील दत्त ने बताया की मार्च 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन दिया था उसके बाद तमाम उपायुक्तो, विधायकों के माध्यम से 15 सूत्री मांग-पत्र तत्कालीन मुख्यमंत्री को दिया गया परंतु एक वर्ष से ज्यादा का समय बीतने पर भी वर्तमान भाजपा सरकार ने संगठन को बुलाकर अभी तक कर्मचारी की मांगों का समाधान नही किया है, जिसमें मुख्य रूप से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन को बहाल करना, निजीकरण पर रोक लगाना और एसग्रेसिया पॉलिसी बिना शर्त लागू करना आदि मुख्य मांगे है। संगठन इस बीच कर्मचारियों की दो बड़ी रैली भी कर चुका है, परंतु सरकार की कान पर जू तक नहीं रेग रही जिससे प्रतीत होता है कि सरकार तानाशाह ,अत्याचारी हो चुकी है जिसका जीता जागता उदाहरण पंचकूला में कर्मचारियों पर सरपंचों पर आशा वर्करो पर लाठी चार्ज आंसू गैस के गोले और पानी की बौछारे मारना और किसान आंदोलन में किसान-मजदूर पर दिल्ली में पहलवान बहन बेटियों पर ज्यादती करना है। जबकि लोकतंत्र में यदि कोई भी संगठन यूनियन या आम नागरिक धरना प्रदर्शन करता है या अपना मांग पत्र देता है तो सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए और जायज है तो तुरंत समाधान करना चाहिए या फिर संगठन को तर्क सहित समझाना चाहिए परंतु सरकार ने बात करना ही उचित नहीं समझा। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ उपप्रधान विजेंद्र कादयान, राज्य सचिव जगमंदिर, आनंद हुडडा, देवेंद्र दहिया, संदीप तूर, अमित कुमार, मुकेश नेहरा, राजेश शर्मा, रोहतास चहल, संदीप शर्मा, नफीस, रमेश मलिक, आनंद शर्मा रिटायर्ड संघ से ओम प्रकाश मलिक, वरिष्ठ नेता सिल्क राम मलिक आदि उपस्थित रहे।



अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारी। फोटो : हरिभमि

**सूचना**

मैं, आजाद पुत्र श्री राजेन्द्र पुत्र कर्ण सिंह निवासी गांव नांगल कलां तहसील राई जिला सोनीपत हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चाहत मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत गुहणा**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. नं. 9729777711, 9996140000**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पंचायत गुहणा की 50 एकड़ पंचायती भूमि में खारे पानी का झींगा पालने के लिए बोली करवाई जानी है जो कि 28 मई 2024 को सुबह 10 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायें।


**हस्ता/–सरपंच ग्राम पंचायत गुहणा, खण्ड सोनीपत**

महाविजय संकल्प रैली में पीएम ने तीन बार किया मातूराम की जलेबी का जिक्र

# प्रधानमंत्री मोदी बोले, हरियाणा की रोटी खा रखी है, मेहनत कर कर्ज चुकाऊंगा

## प्रधानमंत्री बोलेः कांग्रेस वालों सुन लो, कश्मीर में लहराएगा तो केवल हमारा ही तिरंगा

## प्रधानमंत्री ने 24 मिनट के भाषण अपनी शैली में लोगों से सवाल पूछे, लोगों ने दिए जवाब





हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

गोहाना में शनिवार को आयोजित की गई महाविजय संकल्प रैली के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर खुद को हरियाणा से कनेक्ट किया। रैली में तीन बार मातूराम की जलेबियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्थानीय पकड़ को दर्शाया, वहीं हरियाणा की रोटी खा रखी है, मेहनत कर कर्ज चुकाउंगा बोलकर उपस्थित लोगों की तालियां भी बटोर ली। महाविजय संकल्प रैली रोहतक और सोनीपत लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में रखी गई थी। इसी वजह से मंच पर मोहन लाल बड़ौली और अरविंद शर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अतिरिक्त समय दिया। दोनों से हालचाल पूछा। अपने 24 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने अपनी शैली में लोगों से सवाल पूछे, जिनके जवाब भी लोगों ने बखूबी दिए। रैली में प्रधानमंत्री के पहुंचनें से पहले अलग-अलग वक्ताओं ने अपने अंदाज में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इसमें मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने ही अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान का फूफा बता दिया। वहीं रैली स्थल की पार्किंग में अच्छी खासी संख्या में गाड़ियां पहुंची थी, जिसकी वजह से मिनी बाजार बन गया था, जिसमें कई छोटे दुकानदारों ने जमकर चांदी कूटी।

### तेजी से हो रहा विकास

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को हरियाणा से जोड़ते हुए कहा कि मैंने सालों तक हरियाणा की रोटी खाई है। यहां की माता-बहनों का कर्ज है, जोकि वो अपनी मेहनत से लौटाएंगे। हरियाणा का विकास मोदी का संकल्प हैं। हरियाणा से 12 एक्सप्रेस-वे गुजर रहे हैं, 4 सोनीपत के पास से, सोनीपत में रेल कोच कारखाना, खरखौदा में मारूति, भाखड़ा का पानी, आयुष्मान कार्ड बनवाकर मुफ्त इलाज करवाया जा रहा है। जब तीसरी बार सरकार बनोगी, 70 साल से अधिक उम्र के लोगों की बीमारी के इलाज का जिम्मा हमारा रहेगा। हरियाणा से मोदी को हिम्मत, हौंसला और आशीर्वाद मिलता है।

#### मुख्यमंत्री सैनी ने जोश भरा



#### रैली स्थल पर कड़ी सुरक्षा



#### झलकियां

- रैली में 4 बजकर 23 मिनट पर सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचें तो मंच से स्वागत किया गया
- 4 बजकर 43 मिनट पर हेलीकॉप्टर आया तो लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए
- मंच का संचालन पूर्व मंत्री कविता जैन ने किया
- मंच पर पहुंचनें वाले हर नेता ने जय श्री राम का नारा लगवाया
- मंच पर गिने-चुने नेताओं की ही एंट्री थी, ऐसे में मंच पर जाने के लिये अलग रास्ता बनाया गया था
- एसपीजी ने मंच पर पहुंचने वाले नेताओं के लिये अलग इंतजाम किया था, जिसकी वजह से कुछ नेताओं को परेशानी उठानी पड़ी
- रैली स्थल खुले में था, इसी वजह से हवाओं के साथ रेत भी उड़ रहा था, जिसे लोग मोदी की आंधी का नाम दे रहे थे

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर उठाए सवाल

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र पूरा का पूरा मुस्लिम लीग वाला है। इनके पास एक्स-रे मशीन है, सभी का एक्स-रे निकलवाएंगें, जमीन-जायदार कितनी है, मंगलसूत्र कहां हैं। फिर ये सारी संपत्ति छीन लेंगे और वोट जिहाद वालों को बांट देंगे। कांग्रेस के तो प्रधानमंत्री कह चुके हैं, देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है। हम कहते है कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार गरीबों का है। ये लोग आपकी कमाई हड़पने का काम करते हैं। आप किसी भी राज्य में चलें जाएं हर मां-बाप मरने से पहले बच्चों के लिये कुछ छोड़ने की इच्छा रहती है। कोई मां-बाप बच्चों के लिये कर्ज छोड़कर नहीं जाना चाहता। कांग्रेस वाले कहते हैं कि आपके मरने के बाद आपकी संपत्ति आपकी संतानों को नहीं बल्कि उसमें से आधी सरकार ले लेगी और बचा हुआ बच्चों को देंगें।

**थारा फूफा घर में घुस कर मारैगा :** मंच से संबोधन के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने संबोधन में ठेठ हरियाणावी लहजे का प्रयोग किया। इस दौरान महिपाल ढांडा ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ बोलना शुरू किया। ढांडा ने कहा कि पहले के समय में आतंकवादी हमले होते थे तो कोई कार्रवाई नहीं होती थी। लेकिन अब पाकिस्तान को पता है कि थारा फूफा बैठ्या है, घर में घुस कर मारेगा। पहले मार भी चुका है और आगे मारेगा भी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद अरविंद शर्मा, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# किसानों का खोया मान सम्मान वापस लौटाएगी कांग्रेस : सतपाल ब्रह्मचारी

- राठधना, बैयांपुर समेत डेढ़ दर्जन गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने मांगे वोट



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी का स्वागत करते हुए विधायक जयवीर वाल्मीकि, सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने शनिवार को राठधना, बैयांपुर समेत डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा कर वोटों की अपील की। राठधना गांव में अपने संबोधन में सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि आज से 3 वर्ष पूर्व काले कृषि कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन के दौरान 750 किसानों की शहादत को क्षेत्र के लोग भूले नहीं हैं। 3 काले कानूनों को रद्द करवाने के लिए प्रदेश के लाखों किसान 1 वर्ष से भी अधिक समय तक दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर बैठे रहे। चुनावों को सिर पर आता देख सरकार ने कानून तो वापिस लिए, लेकिन किसानों की एम एस पी और अन्य मांगों पर आज भी सरकार का रवैया विरोधाभासी है। अबकी बार किसान अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे और 25 मई को वोट कांग्रेस पार्टी को देकर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे। कहा कि देश का किसान मजदूर खुशहाल होगा तभी देश तरक्की करेगा। इसलिए कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही देश के किसानों को पहली कलम से एमएसपी की लिखित गारंटी दी जाएगी। यहां पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक, खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि, विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा आदि रहे।

# सेरसा में घर से नकदी व जेवर चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में के गांव सेरसा में घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सेरसा निवासी श्री निवास ने बताया कि वह टायर पंचर की दुकान चलाता है। गत 16 मई को रात को खाना-खाकर सो गए। अगले दिन सुबह अपनी अलमारी से रुपये निकालने के लिए गया। तो अलमारी से 25 हजार रुपये की राशि, चांदी का सेट गायब मिला। उसने चेक किया तो अलमारी उखड़ी हुई थी। सामान की जांच की तो उसमें से एक रानीहार सोने का, एक सोने की चैन, दो रानी हार चांदी, पैंडल चांदी, चादी की तंगड़ी दो, दो हाथ फुल, दो कूडलें चांदी, एक गले की हस्ली, ती जोड़ी पाजेब गायब मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

### बेटे-बहू ने दंपती के साथ की मारपीट

खरखौदा। सोहटी गांव में माता-पिता को बेटे व बहू ने पीट कर घायल कर दिया। 78 वर्षीय प्रेमो का कहना है कि गांव के मकान में वह अपने पति के साथ छोटे बेटे मनीष व उसकी पत्नी सुमित्रा के साथ रहते हैं। प्रतिदिन उनका बेटा में बहू उन्हें घर से निकल जाने को कहते है। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी होती रहती है। सुबह के समय जब वह घर के आंगन में बैठी थी तो उसका बेटा व बहु घर से निकल जाने की धमकी देकर पीटने लगे। जब उसका पति उसे छुड़ाने के लिए आया तो उन दोनों ने उसकी भी पिटाई कर दी। उन दोनों ने हमें धमकी दी है कि यदि वे घर में रहे तो उन्हें जान से मार देंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# बड़ौली को दिया एक-एक वोट सीधे मेरे खाते में आएगा : मोदी

- गोहाना में महाविजय संकल्प रैली में पहुंचें प्रधानमंत्री मोदी, शाल भेंट कर पार्टी प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को गोहाना की महाविजय संकल्प रैली में पहुंचें। सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को प्रधानमंत्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस बार हरियाणा 10 की 10 सीटें भाजपा के खाते में डालेगा। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं, इसीलिये अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है जैसे प्रधानमंत्री का पद गोहाना के मातूराम की जलेबी हो गई है। सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में विजय संकल्प रैली करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से भाषण शुरू कर सबसे पहले सोनीपत की जनता को राम-राम बोला। पीएम ने कहा कि हरियाणा की यह धरती युद्ध में भी गीता का ज्ञान सुनाती है। जब मुकाबला सत्य और असत्य के बीच में हो तो विजय सत्य की ही होती है। 2024 के चुनावी कुरुक्षेत्र में आज एक ओर देश का विकास है। दूसरी ओर वोट जिहाद है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को यहां से सांसद बनाने की अपील करते हुए कहा कि, सोनीपत में मोहन लाल बडौली को दिया आपका एक-एक वोट सीधे मेरे खाते में आएगा।

## प्रचार वैन में तोड़फोड़ करने वाले युवकों पर केस दर्ज

**खरखौदा।** भाजपा चुनाव प्रचार वैन पर तोड़फोड़ करने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। निजामपुर माजरा निवासी नवीन ने बताया कि वह बीजेपी पार्टी का कार्यकर्ता है। उन्होंने प्रशासन से अनुमति लेकर चुनाव प्रचार के लिए वैन को चलाया हुआ है। शुक्रवार की शाम को जब प्रचार करते हुए वैन तहसील चौक पर घूम रही थी। उसी समय कांग्रेस पार्टी का प्रचार कर रही एक कार वहां पर रुकी और कार में से चार युवक उतरकर उनके ड्राइवर के साथ गाली गलौज करने लगे। युवकों ने विडिओ वैन में लगी सक्रीन और बैनर तोड़ दिए और चालक को जान से मारने की धमकी देकर आगे चले गए। एक अन्य भाजपा की प्रचार कर रही ई-रिक्शा पर गढ़ी सिसाना निवासी चालक श्रीभगवान के साथ सोनीपत की तरफ से आई स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठे हुए चार युवकों ने मारपीट करते हुए झंडे, बैनर, लाउडस्पीकर को तोड़ दिया। उन्होंने चालक को चेतावनी दी कि भाजपा का प्रचार किया तो जान से मार देंगे।

### घड़वाल में विवाद के बाद परिजनों में मारपीट

**गोहाना।** बरोदा थाने के घड़वाल गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मिल कर अपने ही पिता और बड़े भाई को पीट डाला। दम्पति ने यह पिटाई गली में भैंस बांधने के विवाद में की। घायल पिता-पुत्र को उपचार के लिए गांव खानपुर कलां के राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। घायल बुजुर्ग के बयान पर पुलिस ने उसके बेटे और बहू पर केस दर्ज कर दिया। जयपाल पुत्र कालूराम घड़वाल गांव का रहने वाला है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसके बड़े बेटे संजय ने मकान के रास्ते में भैंस बांध रखी थी। इसी को ले कर छोटे बेटे महेंद्र और उसकी पत्नी पूजा ने झगड़ा किया। जयपाल का आरोप है कि पति-पत्नी ने उससे मारपीट की। पूजा ने उसके सिर में उठा कर ईंट मारी।

